## कानून–व्यवस्था को बनाये रखने हेतु शहीद पुलिस कर्मियों का विवरण निम्नवत है:–

| क्र0 | नाम/पद कर्मचारी | घटना का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | श्री खलीक अहमद, आरक्षी 1278 स0पु0 आगरा । | दिनांक 04.12.2013 को पुलिस लाइन्स आगरा में नियुक्त आरक्षी 1278 स0पु0 खलीक अहमद को पुलिस टीम के साथ कमान ड्यिूटी हेतु भेजा गया था। दिनांक 05.12.2013 को जनपद गाजियाबाद में अभियुक्तों की पेशी के उपरान्त पुलिस पार्टी ट्रेन से वापस आ रही थी कि मथुरा–आगरा के मध्य फरह स्टेशन के पास अज्ञात बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी और अभियुक्तों को छुड़ाकर फायरिंग करते हुये भाग गये। बदमाशों की फायरिंग में आरक्षी खलीक अहमद गम्भीर रूप से घायल हो गये तथा उपचार के दौरान दिनांकः 08. 12.2013 को इनकी मृत्यु हो गयी।इस प्रकार आरक्षी 1278 स0पु0 खलीक अहमद द्वारा कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी गयी । |
| 2 | श्री सुभाष चन्द्र, आरक्षी 879 ना0पु0 बागपत । | दिनांक 11.07.2014 को जनपद बागपत में थाना सिघावली अहीर क्षेत्र में आरक्षी 879 ना0पु0 सुभाष चन्द्र पुलिस टीम के साथ कृष्णा कालेज के पास चैकिंग ड्यूटी में थे। समय 22.30 बजे तीन अज्ञात संदिग्ध व्यक्ति बिना नम्बर की मोटर साइकिल पर हिसावदा से डौला रोड की तरफ आ रहे थे। इनके द्वारा चैंकिंग के उद्देश्य से रोकने पर एक युवक ने फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में आरक्षी सुभाष चन्द्र गम्भीर रूप से घायल हो गये तथा उपचार के दौरान दिनांक 15.07.2014 को इनकी मृत्यु हो गयी। इस प्रकार आरक्षी 879 ना0पु0 सुभाष चन्द द्वारा कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी गयी । |
| 3 | श्री विक्रम प्रताप, आरक्षी 185 स0पु0 लखीमपुर खीरी | दिनांकः 10.09.2013 को जनपद खीरी में आरक्षी विक्रम प्रताप एक होमगार्ड के साथ 02 बन्दियों को पेशी हेतु मा0 न्यायालय ले जा रहे थे। समय करीब 13.55 बजे 04 अज्ञात बदमाशों ने इनकी ऑख में मिर्ची पाउडर झोंक कर बन्दियों को छुड़ाने का प्रयास किया। इस आरक्षी ने बदमाशों का विरोध किया तो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में आरक्षी विक्रम प्रताप सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गये तथा उपचार के दौरान दिनांक 10.09. 2013 को इनकी मृत्यु हो गयी। इस प्रकार आरक्षी 185 स0पु0 विक्रम प्रताप द्वारा कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी गयी । |
| 4 | श्री दिनेश प्रताप, आरक्षी 1058 ना0पु0 फिरोजाबाद । | दिनांक 15.06.2014 को जनपद फिरोजाबाद के थाना रामगढ़ क्षेत्र में आरक्षी 1058 ना0पु0 दिनेश प्रताप एवं आरक्षी 540 ना0पु0 गिर्राज किशोर चेतक मोबइल पर गश्त डियूटी में थे कि कुछ बदमाशों के देखे जाने की सूचना आर0टी0सेट से प्राप्त हुई। गश्त के दौरान 5–6 अज्ञात बदमाशों ने आरक्षी दिनेश प्रताप एवं आरक्षी गिर्राज किशोर पर 60 फुटा रोड वारसी मस्जिद वाली गली के सामने जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में आरक्षी दिनेश प्रताप गम्भीर रूप से घायल हो गये तथा उपचार के दौरान दिनांक 16.06.2014 को इनकी मृत्यु हो गयी। इस प्रकार आरक्षी 1058 ना0पु0 दिनेश प्रताप द्वारा कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी गयी । |
| 5 | श्री गिर्राज किशोर, आरक्षी 540 ना0पु0 फिरोजाबाद | दिनांक 15.06.2014 को जनपद फिरोजाबाद के थाना रामगढ़ क्षेत्र में आरक्षी 1058 ना0पु0 दिनेश प्रताप एवं आरक्षी 540 ना0पु0 गिर्राज किशोर चेतक मोबइल पर गश्त डियूटी में थे कि कुछ बदमाशों के देखे जाने की सूचना आर0टी0सेट से प्राप्त हुई। गश्त के दौरान 5–6 अज्ञात बदमाशों ने आरक्षी दिनेश प्रताप एवं आरक्षी गिर्राज किशोर पर 60 फुटा रोड वारसी मस्जिद वाली गली के सामने जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में आरक्षी गिर्राज किशोर गम्भीर रूप से घायल हो गये तथा उपचार के दौरान दिनांक 16.06.2014 को इनकी मृत्यु |

| | | |
|---|---|---|
| | | हो गयी। इस प्रकार आरक्षी 540 ना0पु0 गिर्राज किशोर द्वारा कर्तव्य की वेदी पर अपने प्राणों की आहुति दी गयी। |
| 6 | श्री ओम शंकर, आरक्षी 531 ना0पु0 शाहजहॉपुर । | दिनांक 29.08.2014 को समय 22.05 बजे थाना खुदागंज जनपद शाहजहॉपुर द्वारा आरक्षी 531 ना0पु0 ओमशंकर व आरक्षी 264 ना0पु0 ध्रुव सिंह ने एक–एक रायफल एवं 20.–20 कारतूस लेकर कस्बा व रोडगश्त हेतु थाने से प्रस्थान किया इस बीच पहाड़ीपुर भोपत ग्राम के पास गर्रा नदी से अवैध खनन करके ट्राली में भरकर बालू लाने सम्बन्धी सूचना मुखबिर से मिली। इस सूचना के आधार पर ग्राम पहाड़ीपुर भोपत के पास ट्रैक्टर ट्राली दिखाई दी जिसे उक्त दोनों आरक्षियों ने रोकने के लिये टार्च की रोशनी से संकेत दिया, लेकिन ट्रैक्टर चालक ने जान से मारने की धमकी देते हुए जान से मारने की नियत से ट्रैक्टर ट्राली को उक्त दोनों आरक्षियों पर चढ़ा दिया जिससे बालू से भरी ट्राली पलट गयी और उसके नीचे दबकर आरक्षी 531 ना0पु0 ओमशंकर की मृत्यू हो गयी एवं आरक्षी 264 ना0पु0 ध्रुव सिंह घायल हो गये । |
| 7 | श्री सर्वेश सिंह, आरक्षी 325 ना0पु0 फतेहगढ़ । | दिनांकः 11.01.2014 को यातायात व्यवस्था ड्यिूटी हेतु पुलिस चौकी घटियाघाट पर आरक्षी 84 ना0पु0 सन्तोष कुमार के साथ थी। इसी दौरान दिनांकः 12.01.2014 को 04.45 बजे मुखविर द्वारा सूचना दी गयी एक एक ट्रैक्टर फार्मेटिक बिना नम्बर का गंगापार की तरफ से आ रहा है,जिसे चेक कर लिया जाय। इस सूचना पर दोनों आरक्षी चौकी के सामने चैकिंग हेतु तैयार हुये। थोड़ी देर बाद उक्त ट्रैक्टर आया तो दोनो ने उसे रोकने का इशारा किया, किन्तु वह ट्रैक्टर नहीं रूका। अब दोनों आरक्षी अपनी मोटर साइकिलों से पीछा किया तो ट्रैक्टर ने तेजी से टक्कर मार दी जिससे आरक्षी 325 ना0पु0 सर्वेश कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गये तथा बाद में इलाज के दौरान इनकी मृत्यु हो गयी । |
| 8 | श्री दिनेश चन्द्र, आरक्षी 505 ना0पु0 हाथरस । | दिनांकः 25.11.2013 को कैनरा बैंक सिकन्दराराऊ जनपद हाथरस में ड्यिूटी के दौरान अचानक गोली लगने के काराण मृत्यु हो गयी । |
| 9 | श्री रामवीर सिंह, आरक्षी एल0आई0यू0 झॉसी । | दिनांकः 20.02.2014 को सिद्धेश्वर नगर क्षेत्र में शिव बरात कार्यक्रम को लेकर सूचना संकलित हेतु ड्यिूटी लगायी गयी थी, जिसे रपट नं0–06 समय 16.30 बजे सिद्धेश्वर नगर क्षेत्र थाना सीपरी बाजार झॉसी रवाना किया गया था। दिनांकः 20.02.2014 को सूचना संकलित करने के दौरान सिद्धेश्वसर नगर थाना सीपरी बाजार झॉसी में अभियुक्त कलेन्दर आदि द्वारा इनकी हत्या कर दी गयी । |
| 10 | श्री प्रदीप कुमार, आरक्षी 1733 ना0पु0 आगरा । | दिनांकः 02.07.2014 को ग्राम–बमरौली अहीर थाना–मलपुरा, आगरा में गश्त के दौरान बदमाशों द्वारा गोली मारने के कारण इस आरक्षी की मृत्यु हो गयी । |
| 11 | श्री तुला राम, आरक्षी 1385 ना0पु0 मुजफ्फरनगर । | दिनांकः 02.12.2013 को इस आरक्षी को चौकी मीरापुर, थाना शाहपुर द्वारा जी0डी0नं0–21 सम 11.00 बजे सुरागरसी हेतु रवाना किया गया था। इसी दौरान अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा इनकी गला रेतकर ईख के खेत में फेंक दिया जहॉ इनकी मृत्यू हो गयी। |
| 12 | श्री नवीन चौधरी, आरक्षी 478 ना0पु0, जीआरपी अनुभाग मुरादाबाद | दिनांकः 24.10.2013 को गाड़ी संख्या 52202 लालकुँआ पैसेन्जर में स्कोर्ट ड्यिूटी के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इस आरक्षी की गोली मारकर हत्या कर दी । |